# लखनऊ के अटारी में अपैरल पार्क बनेगा

## 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से एक लाख युवाओं को रोजगार मिलने की जताई जा रही है उम्मीद

**तैयारी**



**05** सौ करोड़ से कोर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा

**03** सौ करोड़ का प्राविधान मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के लिए किया गया है

### पीपीपी मोड पर बनेगा आधुनिक सुविधाओं से लैस पार्क

पार्क को पीपीपी मोड पर अत्याधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाने का प्रस्ताव है। इसके तहत 500 करोड़ रुपये से कोर इंफ्रास्ट्रक्टचर का निर्माण किया जाएगा, जबकि 300 करोड़ रुपये का प्राविधान मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के लिए किया गया है, जो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा। अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए इसे तीन भागों में बांटा गया है। पहला कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर, दूसरा सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर और तीसरा प्रीमियम स्पेस है।

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार राजधानी लखनऊ में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क बनाएगी। इसके लिए योगी सरकार ने राजधानी के मलिहाबाद तहसील के माल ब्लाक स्थित अटारी गांव में भूमि को भी चिह्नित कर लिया है।

मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क का फोकस परिधानों पर होगा। एक हजार एकड़ में बनाया जाएगा, जिससे एक लाख युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। योगी सरकार को इस पार्क में 10 हजार करोड़ से अधिक इन्वेस्टमेंट की उम्मीद है। इस पार्क को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

योगी सरकार टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के जरिये एक ही छत के नीचे व्यापारियों को कपड़ा उद्योग से संबंधित सभी जरूरतों को उपलब्ध कराएगी, जिससे उद्योग की लागत कम हो सके। वहीं निर्माताओं को निर्यात के लिए मानकों के अनुसार बुनियादी ढांचा स्थापित किया जाएगा।

**कनेक्टिविटी का ध्यानः** टेक्सटाइल और अपैरल पार्क की कनेक्टिविटी को ध्यान में रखकर राजधानी के अटारी गांव को चुना गया है। यहां से 20 किमी की दूरी पर एनएच-20 और एसएच-20 है, जो फोर लेन है और क्रमशः लखनऊ को सीतापुर और हरदोई से जोड़ता है। वहीं 20 किमी की दूरी पर 6 लेन ऑउटर रिंग रोड है। इसके साथ ही रेलवे कनेक्टिविटी भी बेहतर है। यहां से मलिहाबाद रेलवे स्टेशन 16 किमी तो लखनऊ रेलवे स्टेशन 40 किमी की दूरी पर है।

पार्क से 45 किमी की दूरी पर लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट तो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर 95 किमी की दूरी पर कानुपर नोड और 500 किमी पर दादरी टर्मिनल है। इतना ही नहीं इनलैंड कंटेनर डिपो 111 किमी की दूरी पर कानुपर में है।